## कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक : उ.वि.शि.प./वि.प./रा.गॉ.न.वि./प्र.प./741/2014–15 दिनांक 27/08/2014

### विज्ञप्ति

शासन के पत्र संख्या 980/XXIV–3/14/02/(14) 2011 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–3 दिनांक 07 अगस्त 2014 तथा महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक रा.गॉ.न.वि./29(m)4486–4519/2014–15 दिनांक 20 अगस्त 2014 के अनुक्रम में उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों के राजीव गॉधी नवोदय विद्यालयों में सत्र 2015–16 हेतु कक्षा – 6 में प्रवेश चाहने वाले उत्तराखण्ड राज्य में निवास कर रहे छात्र–छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उक्त विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक अनिवार्य आवासीय व्यवस्था के साथ निःशुल्क सहशिक्षा, हिन्दी व अंग्रजी माध्यमों में प्रदान करने का प्रावधान है। उक्त के क्रम में प्रवेश परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा किया जा रहा है। राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय में सीटों की संख्या, क्षेत्रवार एवं लिंगवार आरक्षण निम्न तालिका के अनुसार निम्नवत् हैः–

| जनपद | सीटें प्रति जनपद | क्षेत्रवार आरक्षण | लिंगवार आरक्षण |
|---|---|---|---|
| हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़, चम्पावत, अल्मोड़ा एवं नैनीताल | 60 | 80 प्रतिशत ग्रामीण<br>20 प्रतिशत शहरी | 50 प्रतिशत बालिकाओं हेतु आरक्षित |
| उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं ऊधमसिंह नगर | 30 | | 50 प्रतिशत बालिकाओं हेतु आरक्षित |

आरक्षण व्यवस्था, राज्य स्तर पर निर्धारित प्राविधानों/नीति के अनुसार लागू होगी।

### प्रवेश हेतु पात्रता एवं निर्देश

1. जिस जनपद में छात्र/छात्रा कक्षा 5 में अध्ययनरत है वह कक्षा 6 में प्रवेश हेतु उसी जनपद में संचालित राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय मे लिए अर्ह होगा।
2. अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी जनपद में स्थित राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में सत्र 2014–15 में कक्षा 5 में अध्ययनरत होना चाहिए। चयनोपरान्त कक्षा 5 उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अर्ह होगा।
3. कक्षा 6 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का जन्म 01 अप्रैल 2003 से 31 मार्च 2005 के मध्य होना चाहिए। उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं।
4. शहरी अथवा ग्रामीण क्षेत्र का निर्धारण अभ्यर्थी के गतवर्षों एवं अध्ययनरत विद्यालयों के आधार पर किया जायेगा।
5. ग्रामीण क्षेत्रों से आशय उन अभ्यर्थीयों से होगा, जिन्होंने गत तीनों कक्षाएं क्रमशः 3, 4 एवं 5 तक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालय में पूरे सत्र भर सतत अध्ययन किया है।
6. एक भी दिन शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थी को शहरी क्षेत्र का ही माना जायेगा।
7. चयन होने के उपरान्त अभ्यर्थी को प्रवेश तभी दिया जायेगा जब वह काउन्सिलिंग के समय सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य के समक्ष आवेदन पत्र में दी गई समस्त प्रविष्टियों के सापेक्ष मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश निरस्त माना जायेगा।
8. **आवेदन पत्रः–** आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालयों से दिनॉक 22–09–14 से प्राप्त किया जा सकता है। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in में (DEPARTMENTAL EXAM के कार्नर) वाले आईकॉन से भी डाउनलोड कर सकते है। समाचार पत्र में प्रकाशित आवेदन पत्र के प्रारूप को प्रिन्ट कराकर भी आवेदन कर सकते है। **पूरित आावेदन पत्र छात्र/छात्रा द्वारा अपने अध्ययनरत विद्यालय में दिनांक 06–12–14 तक जमा किया जायेगा। विद्यालय द्वारा प्राप्त सभी आवेदन पत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा किये जायेंगे। आवेदन पत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि 20–12–14 समय सायं 5.00 बजे तक होगी। अन्तिम तिथि के पश्चात प्राप्त एवं अपूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**
9. **परीक्षा केन्द्रः–** परीक्षा केन्द्र का निर्धारण विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा निर्धारित केन्द्र पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा, जिसकी सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त की जा सकती है।
10. **सम्भावित परीक्षा तिथिः– 01 फरवरी 2015 (रविवार) परीक्षा अवधि प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक।**
11. **प्रवेश परीक्षा का माध्यमः–** हिन्दी एवं अंग्रजी।
12. **परीक्षा आयोजनः–** प्रवेश परीक्षा की अवधि दो घण्टे होगी। प्रश्न पत्र में तीन खण्ड होंगे। प्रश्न पत्र में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे। सामान्य एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा क्रमशः न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा। प्रश्नों/अंकों का विभाजन निम्नांकित तालिका के अनुसार होगा। प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नं. 05947–254275 से सम्पर्क कर सकते है।

| खण्ड | विषयवस्तु/खण्ड | प्रश्न/अंकों का विवरण |
|---|---|---|
| (क) | भाषा परीक्षा | 25 |
| (ख) | गणित परीक्षा | 25 |
| (ग) | मानसिक योग्यता परीक्षा | 50 |
| योग | | 100 |

**(डॉ दयाकृष्ण मथेला)**
**सचिव**
**उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

**राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2015–16 (कक्षा 6 में प्रवेश हेतु)**

1– जनपद का नाम *(जहाँ विद्यार्थी अध्ययनरत है)* [ ] 2– जनपद कोड [ ][ ][ ]

3– विकास खण्ड का नाम *(जहाँ विद्यार्थी अध्ययनरत है)* [ ] 4– विकास खण्ड का कोड [ ][ ]

*(क्रमांक 1 से 4 तक की सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भरा जाय)*

पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो जो प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित हो चिपकाएं।

5– अनुक्रमांक [ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ]

*(परिषद् कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)*

6– परीक्षार्थी का नाम (क) हिन्दी में ..............................

(ख) अंग्रेजी में *(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)*

[ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ]

*(परीक्षार्थी के नाम में दो या दो से अधिक शब्द होने पर दो शब्दों के मध्य एक खाना रिक्त होना चाहिए)*

7– दिए गये बॉक्स में से जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें।

(क) लिंग –

| बालक | M |
|---|---|
| | |

| बालिका | F |
|---|---|
| | |

(ख) वर्ग –

| सामान्य | 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 2 | अनु. जाति | 3 | अनु. जनजाति | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

*(यदि अभ्यर्थी अन्य पिछड़ा वर्ग, अनु.जाति अथवा अनु. जनजाति का हो तो वह सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें)*

8– जन्मतिथि – (क) अंकों में DD [ ][ ] MM [ ][ ] YYYY [ ][ ][ ][ ] (ख) शब्दों में ..............................

*(अभ्यर्थी का जन्म 01 अप्रैल 2003 से 31 मार्च 2005 के मध्य होना चाहिए। उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित है)*

(ग) 01 अप्रैल 2015 को आयु – वर्ष [ ][ ] माह [ ][ ] दिन [ ][ ]

9– पिता का नाम – श्री ..............................

10– माता का नाम – श्रीमती ..............................

11– पत्र व्यवहार का पता – .............................. 12– स्थायी पता – ..............................

..............................

..............................

दूरभाष नं0 कोड सहित – .............................. मोबाइल न0 – ..............................

13– विद्यालय का नाम जहाँ पर छात्र कक्षा – 5 में सत्र 2014–15 में अध्ययनरत है ..............................

14– (क) परीक्षा का माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) ..............................

(ख) शिक्षण का माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) ..............................

15– निम्नलिखित तालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा स्वयं पूर्ण रूप से भरी जाय। तालिका के **बिन्दु 4 म** सूचनाएें **'हॉ'** अथवा **'नहीं'** में भरी जानी है।

| क्रमांक | विवरण | कक्षा–3 | कक्षा–4 | कक्षा–5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवेश होने का माह व वर्ष | | | |
| 2 | उत्तीर्ण होने का माह व वर्ष | | | |
| 3 | विद्यालय का नाम | | | |
| 4 | क्या विद्यालय मान्यता प्राप्त है | | | |
| 5 | गॉव अथवा शहर का नाम जहॉ विद्यालय स्थित है | | | |
| 6 | विकासखण्ड का नाम | | | |
| 7 | जनपद का नाम | | | |
| 8 | विद्यालय की श्रेणी (ग्रामीण/शहरी) | | | |

16– उपरोक्त तालिका 15 के बिन्दु 8 के आधार पर अभ्यर्थी के विद्यालय की श्रेणी ग्रामीण/शहरी का निर्धारण कर सही खाने के भीतर सही (√) का चिहृन लगायें।

| ग्रामीण | R |
|---|---|
| | |

| शहरी | U |
|---|---|
| | |

## घोषणा

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य है। किसी प्रकार की सूचना असत्य पाये जाने की स्थिति में मेरा अभ्यर्थन निरस्त किये जाने पर पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर ........................................ अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ................................................

## विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य का प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि छात्र/छात्रा ........................................................................ द्वारा आवेदन पत्र में अंकित सम्पूर्ण प्रविष्टियों की जॉच भली–भॉति कर ली गई है तथा विद्यालय के अभिलेखानुसार इन्हें सत्यापित किया जाता है।

**प्रतिहस्ताक्षरित ..........................** **प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर मुहर सहित**

**खण्ड शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर मुहर सहित**

राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2015–16

## प्रवेश–पत्र

| अनुक्रमांक (कार्यालय प्रयोगार्थ) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो जो प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित हो चिपकाएं।

जनपद का नाम.................................................................

विकास खण्ड का नाम .........................................................

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम ..................................................

पिता का नाम श्री ...............................................................

विद्यालय का नाम जनपद सहित..........................................................................को
*(जहाँ पर विद्यार्थी कक्षा 5 में सत्र 2014–15 में अध्ययनरत है)*

केन्द्र का नाम ............................................................ से रा0गॉ0न0वि0 की कक्षा 6 की
*(खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा भरा जायेगा)*
प्रवेश परीक्षा 2015–16 में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाती है।

परीक्षा की तिथि – ..........................................................

समय – ***प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक।***

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर (परीक्षाकाल में)........................................ कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर ..........................

**खण्ड शिक्षा अधिकारी के हस्तााक्षर**
**मुहर सहित**

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

**<u>पावती</u>**

मैंने ......................................................... पुत्र/पुत्री श्री .........................................................

राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 2015 हेतु आवेदन पत्र दिनांक ..................... को प्राप्त किया।

**हस्ताक्षर प्राप्तकर्ता मुहर सहित**